APP-A
Crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ...उपखण्ड अधिकारी... मुकाम ...कोटा...

...रामलाल... बनाम ...सरकार...

किस्म मुकदमा ...136... नं. ...1... सन् ...2021...

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत रानपुर में प्रार्थी रामलाल की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम रानपुर पटवार हल्का रानपुर में स्थित भूमि खाता संख्या 439 में सभी खातेदारों की जाति चमार दर्ज है। जबकि अन्य जमाबंदी में सभी खातेदारान की जाति बैरवा दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में सभी खातेदारान की जाति सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा राजस्व रिकार्ड में सभी खातेदारों की जाति चमार के स्थान पर बैरवा दर्ज किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम रानपुर की जमाबंदी खाता संख्या 439 में सभी खातेदारों की जाति चमार के स्थान पर बैरवा दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ...2/1/26... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	